भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3258
उत्तर देने की तारीख 23 मार्च, 2022

डाकघर शाखाओं का उन्नयन

3258. डॉ. सुकान्त मजूमदार :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने डाकघरों और उप-डाकघरों की शाखाओं के उच्चतर श्रेणी के डाकघरों में आधुनिकीकरण हेतु कोई नीति/योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) पहले ही आधुनिकीकरण/उन्नयन किए जा चुके डाकघरों का, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) बेलुरघाट सहित पश्चिम बंगाल में किन डाकघरों में आधुनिकीकरण/उन्नयन किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) जी, हां। शाखा डाकघरों और उप डाकघरों के उच्चतर श्रेणी के डाकघरों में उन्नयन हेतु नीति-निर्देश बनाए गए हैं।

(ख) उपर्युक्त नीति के अनुसार, विभागीय डाकघरों और शाखा डाकघरों की स्थापना की, कार्यभार के साथ-साथ वित्तीय मानदंडों के आधार पर, आवधिक समीक्षा की जाती है। इसी समीक्षा के आधार पर, यदि आवश्यक हो तो, डाकघरों के उन्नयन सहित कार्मिकों की संख्या में वृद्धि एवं इसे युक्तिसंगत (रेशनेलाइजेशन) बनाए जाने संबंधी कार्रवाई की जाती है।

(ग) पश्चिम बंगाल राज्य के 8768 डाकघरों सहित देश के 154347 डाकघरों को आधुनिकीकृत किया गया है, ताकि बैंकिंग, बीमा, डाक एवं अन्य नागरिक केंद्रित सेवाएं ऑनलाइन रूप से मुहैया कराई जा सकें। सभी राज्यों एवं संघ राज्यक्षेत्रों सहित ऐसे आधुनिकीकृत डाकघरों की डाक सर्कल-वार सूची **अनुबंध** में संलग्न है।

(घ) बेलुरघाट के 12 डाकघरों सहित पश्चिम बंगाल के सभी 8768 डाकघरों को आधुनिकीकृत कर दिया गया है।

अनुबंध

"डाकघर शाखाओं का उन्नयन" के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. सुकान्त मजूमदार द्वारा पूछे गए दिनांक 23 मार्च, 2022 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 3258 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित अनुबंध

आधुनिकीकृत किए गए डाकघरों का विवरण - डाक सर्कल-वार (राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों सहित)

क्र. सं.	**डाक सर्कल का नाम**	**कुल डाकघर**
1.	आंध्र प्रदेश	10510
2.	असम	4007
3.	बिहार	9054
4.	छत्तीसगढ़	3207
5.	दिल्ली	443
6.	गुजरात (संघ राज्यक्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव सहित)	8836
7.	हरियाणा	2690
8.	हिमाचल प्रदेश	2791
9.	जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्यक्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख सहित)	1581
10.	झारखंड	3117
11.	कर्नाटक	9627
12.	केरल (संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप सहित)	5062
13.	मध्य प्रदेश	8275
14.	महाराष्ट्र (गोवा सहित)	12855
15.	पूर्वोत्तर (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और नगालैंड सहित)	2868
16.	ओडिशा	8230
17.	पंजाब (संघ राज्यक्षेत्र चंडीगढ़ सहित)	3865
18.	राजस्थान	10286
19.	तमिलनाडु (संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी सहित)	11862
20.	तेलंगाना	5791
21.	उत्तर प्रदेश	17662
22.	उत्तराखंड	2711
23.	पश्चिम बंगाल	8768
23(क)	सिक्किम	40
23(ख)	संघ राज्यक्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	209
	कुल योग	**154347**

पश्चिम बंगाल सर्कल में सिक्किम और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह संघ राज्यक्षेत्र शामिल हैं।

*****